**सरला चोपड़ा डी ए वी पब्लिक स्कूल**

**सेक्टर 56 नोएडा**

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (प्रथम सत्र) 2026 -27**

**कक्षा-दसवीं (हिंदी-'ब')**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए:**

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।

(ii) प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खंड-क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (7)**

कार्य करने की क्षमता को योग्यता कहते हैं। यह सभी जीवों में किसी-न-किसी रूप में अवश्य विद्यमान रहती है। यही व्यक्ति की कार्य क्षमता का प्रमाण होती है। विविध शैक्षिक संसाधनों के माध्यम से इसे अर्जित और विस्तारित किया जा सकता है। सामाजिक उत्थान और देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता होती है। इस हेतु उत्कृष्ट शैक्षिक योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है। शिक्षा व्यक्ति में गुणवत्ता का आरोपण कर योग्यता का निर्धारण करती है। पारिवारिक पृष्ठभूमि उसे मजबूत आधार प्रदान करती है। बच्चे में इसके प्रकटीकरण का आभास सर्वप्रथम माता-पिता को होता है। वही उसकी योग्यता को परखकर तदनुरूप उत्तरदायित्व सौंपने के लिए उत्तरदायी होते हैं। इससे कार्य के प्रति निष्ठा जागृत होती है और कार्य सिद्धि अवश्यंभावी हो जाती है। अन्यथा असफल होने पर जीवन में अवसाद का प्रवेश होता है, जिससे होने वाली सामाजिक एवं राष्ट्रीय क्षति का अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता।महाराज दशरथ और रानी कैकेयी इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। योग्यता की परख न होने से जहाँ महाराज दशरथ राम को अवध का राज्य देने का मोह संवरण नहीं कर पाते, वहीं कैकेयी राम एवं भरत दोनों की योग्यताओं को पहचानती हैं। उन्हें सम्यक ज्ञान था कि भरत में भी अयोध्या का राज्य सँभालने की योग्यता है, किंतु राम अधर्मी राक्षसों का संहार कर संपूर्ण जगत का मंगल कर सकते हैं। इसीलिए दुनिया में होने वाली अपकीर्ति की परवाह न करके भी भरत के लिए अवध का राज्य तथा राम के लिए वनवास की याचना की।

अतः संतान को जन्म देना ही माता-पिता का कर्तव्य नहीं है। योग्य नागरिक बनाकर योग्यता अनुसार राष्ट्र-निर्माण में नियोजित करना उससे बड़ा दायित्व है।

**(क) व्यक्ति की कार्यक्षमता का प्रमाण होता है -** **1**

(A) शक्ति (B) योग्यता

(C) शिक्षा (D) कौशल

**(ख) उत्कृष्ट शैक्षिक योजना की आवश्यकता क्यों होती है?** **1**

(A) संसाधन के विकास हेतु (B) शिक्षा के प्रसार हेतु

(C) व्यक्तित्व निर्माण हेतु (D) योग्यता निर्धारण हेतु

**(ग) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए।** **1**

कथन - कैकेयी महाराज दशरथ से अधिक बुद्धिमान थी।

कारण - वह राम और भरत की योग्यताओं को अच्छी तरह जानती थी।

(A) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।

(B) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(C) कथन गलत है और कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

**(घ) देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता क्यों होती है?** **2**

**(ङ) महाराज दशरथ और रानी कैकेयी के उदाहरण से आप क्या समझते हैं?** **2**

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(7)**

प्रसंग क्या था, उसकी खोज व्यर्थ है। यहाँ प्रासंगिक इतना ही है कि मैं क्या हूँ। लगभग तीन चौथाई शताब्दी की मेरी जीवनावधि में न जाने कितनी बार, न जाने कितने रूपों में इस प्रश्न का सामना मुझे करना पड़ा, पर मैं कभी भी तो इसका संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। शायद दे पाना संभव ही नहीं है, क्योंकि प्रश्न का उत्तर मिल जाए तो फिर जीने का अर्थ और आनंद, दोनों ही नष्ट हो जाएँ। प्रश्न है तो प्रगति है, प्रगति है तो जीवन है। प्रश्नानुकूलता मिटी तो जीवन भी नीरस निरानंद ही रहेगा। प्रश्न का जन्म जिज्ञासा में से होता है और अंत होता है ज्ञान में, लेकिन ज्ञान क्या बहुत अच्छी चीज़ है। वह एक सीमा तक ही आवश्यक है, क्योंकि वह प्रायः जिज्ञासा का अंत कर देता है। कभी-कभी मनुष्य में जो सहज है उसको लील जाता है। मनीषी टॉल्स्टाय की एक कहानी है 'तीन योगी'। एक निर्जन टापू पर तीन योगी रहते थे और नित्य प्रति आकाश की ओर आँख उठाकर अपने प्रभु से प्रार्थना करते थे। "तीन तुम तीन हम। हम पर दया रखना मालिका।" एक बार क्या हुआ कि उनकी कहानी सुनकर उत्सुकतावश एक धर्मगुरु वहाँ आ पहुँचे। बड़ी दया आई उनके अज्ञान पर। योगी भी लज्जित थे। धर्मगुरु ने उन्हें धर्म का अर्थ समझाया। विविध रूप परमात्मा का संपूर्ण स्वरूप बताया और बताया कि प्रार्थना कैसे करनी चाहिए। जब योगियों को प्रार्थना याद हो गई तब धर्मगुरु अपने यात्रा-पथ पर आगे बढ़ चले। कुछ घंटे बीते होंगे कि उन्हें लगा जैसे एक प्रकाशपुंज तेज़ी से उनकी ओर बढ़ा चला है। हैरान परेशान वे उसे देखते रहे।

प्रकाशपुंज आकार में बदला, पाया कि तीनों योगी पानी पर चलते हुए जहाज़ पर चढ़ गए हैं। धर्मगुरु के पैर पकड़कर कह रहे हैं, "हम अज्ञानी, आपकी बताई प्रार्थना भूल गए। कृपा कर एक बार फिर सिखा दीजिए।"

धर्मगुरु का काया पलट हो चुका था। कहा– "हे सत्पुरुषों, आपकी प्रार्थना ही ईश्वर को पहुँच जाएगी। मैं आपको सिखाने योग्य नहीं हूँ, मेरी विनय है कि मुझ पापी के लिए भी प्रार्थना कीजिए।"

**1. जीने का अर्थ और आनंद दोनों ही कब नष्ट हो जाएँगे? उसका उत्तर देना संभव क्यों नहीं था?**

(i) प्रश्न का उत्तर मिल जाने पर (ii) प्रश्न का उत्तर न मिलने पर

(iii) प्रश्न में संतुष्ट रहने पर (iv) उत्तर की खोज में लगे रहने पर

**2. प्रश्न का आदि और अंत किसमें होता है?**

(i) जिज्ञासा एवं आनंद में (ii) आनंद एवं ज्ञान में

(iii) जिज्ञासा एवं ज्ञान में (iv) सहजता में

**3. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

कथन (A): धर्म गुरु का काया पलट हो चुका था।

कारण (R): धर्म गुरु जान गए थे कि वे योगी ही वास्तविक रूप में ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।

विकल्प–

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**4. धर्मगुरु ने योगियों को क्या समझाया? (2)**

**5. लेखक को अपने जीवन में किस प्रश्न का सामना बार-बार करना पड़ा? उसका उत्तर देना संभव क्यों नहीं था? (2)**

## खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4×1=4)**

(क) हममें से किसी ने वह आवाज नहीं सुनी। - वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए।

(ख) हम सबने देर रात तक उस शब्द रूप को याद किया। - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(ग) गाँव के मध्य बरगद का पुराना वृक्ष लगा था। - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) गीत मानो बहता हुआ उसकी तरफ आ रहा था। - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ङ) इसमें राजकपूर ने एक खालिस देहाती भुच्च गाड़ीवान का अभिनय किया है। - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4×1=4)**

(क) 'आपने मुझे कारतूस दिए इसलिए आपकी जान-बख्शी करता हूँ।' रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए। 1

(ख) 'ग्वालियर के हमारे मकान के दालान में दो रोशनदान थे।' संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए| 1

(ग) 'उसने सिर झुकाकर हमें प्रणाम किया।' रचना की दृष्टि से वाक्य भेद लिखिए। 1

(घ) 'खड़े होने की जगह कम पड़ने पर उसे गुस्सा आ गया।' मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए।1

(ङ) 'गिन्नी का सोना शुद्ध सोने से मजबूत होता है, इसलिए औरतें इसी से गहने बनवाती हैं।' - सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए। 1

**5. निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (4×1=4)**

(क) 'द्वंद्व समास' की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए। 1

(ख) 'गजानन' समस्तपद समास के किस भेद का उदाहरण है? 1

(ग) 'दोनों प्रतिदिन शाम को उसी जगह पहुँचते।' रेखांकित समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए। 1

(घ) 'तत्पुरुष समास' का कौन-सा पद प्रधान होता है? 1

(ङ) 'दया रूपी प्रवाह' के लिए समस्तपद लिखिए और भेद का नाम भी लिखिए। 1

**6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4×1=4)**

(क) 'खून खौलना' मुहावरे का वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए। 1

(ख) 'मामूली व्यक्ति' अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए। 1

(ग) 'महंत जी ने कहा कि हम सब तुम्हें .......... रखेंगे।' रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए। 1

(घ) 'आँखें फोड़ना' और 'आँख दिखाना' अर्थ लिखकर इन दोनों मुहावरों का अंतर स्पष्ट कीजिए। 1

(ङ) 'खुलकर बातें करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए और मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

## खंड-ग ( पाठ्यपुस्तक )

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

*(5×1=5)*

मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े, लेकिन केवल तीन दरजे आगे। उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाजी से काम लेना पसंद न करते थे। इस भवन की बुनियाद खूब मजबूत डालना चाहते थे, आलीशान महल बन सके। एक साल का काम दो साल में करते थे। कभी-कभी तीन साल भी लग जाते थे। बुनियाद ही पुख्ता न हो, तो मकान कैसे पायेदार बने।मैं छोटा था, वह बड़े थे। मेरी उम्र नौ साल की थी, वह चौदह साल के थे। उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके हुक्म को कानून समझूँ।

**(क) लेखक और उनके भाई में कितने साल का अंतर था?**

(i) तीन साल का (ii) दो साल का

(iii) चार साल का　　(iv) पाँच साल का

**(ख) बड़े भाई को लेखक की तम्बीह और निगरानी के अधिकार के कारणों पर विचार कीजिए।**

(i) माता-पिता ने कहा था।　　(ii) वे जिम्मेदारी समझते थे।

(iii) उन्हें अधिकार जमाना अच्छा लगता था।　　(iv) वे लेखक से बड़े थे।

विकल्प:

(अ) (i) और (ii)　　(ब) (ii) और (iii)

(स) केवल (iv)　　(द) (ii) और (iv)

**(ग) निम्नलिखित कथन-कारण को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

कथन (A): इस भवन की बुनियाद मजबूत डालना चाहते थे।

कारण (R): बड़े भाई साहब नया घर बनवा रहे थे।

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A)तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A)की सही व्याख्या करता है|

**(घ) गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा विचार मेल खाता है?**

(i) शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक तथा मनुष्य में निहित शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक श्रेष्ठतम शक्तियों का अधिकतम विकास है। - महात्मा गांधी

(ii) यदि सफल होने का मेरा दृढ़ संकल्प पर्याप्त मजबूत है तो असफलता कभी भी मुझ पर हावी नहीं होगी। - ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

(iii) निराशा संभव को असंभव बना देती है। - प्रेमचंद

(iv) शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति होनी चाहिए। - सुकरात

**(ङ) लेखक की शालीनता किसमें थी?**

(i) आदर करने में　　(ii) बड़ा मानने में

(iii) हुक्म को कानून मानने में　　(iv) शालीन बने रहने में

**8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** ***(3×2=6)***

(क) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ मानवीय संवेदनाओं के पतन को दर्शाता है। क्या 'गिन्नी का सोना' पाठ में वर्णित आदर्श उनकी पुनर्स्थापना कर सकते हैं?

(ख) 'ततारा-वामीरो' का निःशब्द प्रेम समाज की परंपराओं और समझ से परे था|'-कैसे? समझाइए।

(ग) डॉ. दास गुप्ता घायलों की फ़ोटो क्यों उतरवा रहे थे?

(घ) ग्वालियर से बंबई तक लेखक ने किन बदलावों को महसूस किया?

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कीजिए।*(5×1=5)***

हरि आप हरो जन री भीर
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर
भगत कारण रूप नरहरि, धरयो आप सरीर
बूहतो गजराज राख्यो, काटी कुञ्जर पीर
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर

**(क) मीरा लाल गिरधर से क्या प्रार्थना कर रही हैं?**

(A) पीड़ा हरने की
(B) द्रौपदी की लाज रखने की
(C) गजराज की रक्षा की
(D) नरहरि रूप धारण करने की

**(ख) 'हरि' ने किनके कष्टों को दूर किया है?**

(A) द्रौपदी, मीरा
(B) नरहरि, द्रौपदी
(C) द्रौपदी, गजराज
(D) गजराज, नरहरि

**(ग) पद में मीरा ने स्वयं को किस रूप में अभिव्यक्त किया है?**

(A) पीड़ित
(B) रक्षित
(C) प्रेमिका
(D) दासी

**(घ) प्रहलाद की रक्षा के लिए 'हरि' ने क्या किया?**

(A) चीर बढ़ाया
(B) बेड़ियाँ काटी
(C) सेना भेजी
(D) नरहरि का रूप धारण किया

**(ङ) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-**

(अ) मीरा सबके लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रही है।
(ब) हरि से पीड़ा दूर करने को कह रही है।
(स) 'हरि' को दोषी मान रही हैं।
(द) स्वयं को 'हरि' की दासी मानती है।

**पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

(A) अ, ब
(B) ब, स
(C) ब, अ
(D) ब, द

**10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** ***(3×2=6)***

(क) 'तोप' कविता क्या सन्देश देती है ?
(ख) कविता मनुष्यता में कवि किस मनुष्य धर्म को निभाने की बात कर रहा है?
(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कवि की अद्भुत कल्पना है। स्पष्ट कीजिए।
(घ) कबीर की 'साखी' के अनुसार ईश्वर का साक्षात्कार कब संभव हो जाता है?

**11. पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए।** ***(2×3=6)***

(क) ठाकुरबारी के साथ अधिकांश लोगों का संबंध बहुत ही घनिष्ठ है-मन और तन दोनों स्तर पर। कृषि कार्य से अपना बचा हुआ समय वे ठाकुरबारी में ही बिताते हैं। पाठ में ठाकुरबारी का लोगों के जीवन में विशेष स्थान था। क्या ऐसा में संभव है कि उनकी अंधभक्ति ने ही महंत एवं अन्य साधु संतों को उनका अनुचित लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया हो। अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

(ख) 'टोपी शुक्ला' पाठ बालमन की पवित्रता और पारिवारिक संकीर्णता को दर्शाता है। - कथन की व्याख्या कीजिए।

(ग) छात्र जीवन में एक अध्यापक की भूमिका को 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**खंड-घ (रचनात्मक लेखन)**

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** ***(5)***

**(i) पुस्तकालय**

- **पुस्तकालय का अर्थ और प्रकार**
- पुस्तकालय मित्र के समान
- आवश्यकता और उपयोग

**(ii) विद्यार्थी जीवन और फैशन**

- फैशन क्या है?
- विद्यार्थियों पर बढ़ते फैशन का प्रभाव
- दुष्प्रभावों से बचें, कैसे?

(iii) **स्वदेश प्रेम**

- देश हमारी अस्मिता की पहचान
- मनुष्यता का विकास
- राष्ट्रीय विकास

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** ***(5)***

दिल्ली प्रदेश द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण अभियान की सराहना करते हुए दिल्ली पुलिस के आयुक्त को पत्र लिखिए।

अथवा

आप विवेक मेहरा, करोल बाग के निवासी हैं। आपके घर के सामने का मेन होल खुला पड़ा है। इस विषय में नगर निगम को सूचित करते हुए पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।** ***(4)***

आप अपने इलाके में 'प्रौढ़ शिक्षा' हेतु प्रत्येक रविवार निःशुल्क व्यवस्था कर रहे हैं। इससे संबंधित सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

आपके विद्यालय में बाल दिवस आयोजित होने जा रहा है। नए खेलों और कार्यक्रमों के सुझाव हेतु विद्यालय के छात्र प्रभारी की ओर से सूचना लिखिए।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए।** ***(3)***

मच्छरों से संपूर्ण सुरक्षा के लिए जागरूक करते हुए विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

अपनी पुरानी मोटरसाइकिल के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** 'ममता का स्पर्श'-विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। ***(5)***

अथवा

'बढ़ती इमारतें घटते वन' पर लिखे अपने लेख को छपवाने हेतु प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए।